पत्र संख्या–17/(विविध)–05–02/2024–

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

प्रेषक,

चन्दन कुमार मिश्र,
उप सचिव–02 (प्रबंधन)
–सह–
नोडल पदाधिकारी (सात निश्चय)।

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता,
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

/पटना, दिनांक–

**विषयः–** **सात निश्चय योजना (स्थापना विषयक) अन्तर्गत प्रेक्षत्राधीन कार्यालयों में स्वीकृत पद, कार्यरत बल (पुरूष एवं महिला) तथा रिक्त पद से संबंधित आँकडा संलग्न विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में सात निश्चय योजना (स्थापना विषयक) मामले की समीक्षा बैठक दिनांक–08.07.2025 को आहूत की गई। उक्त समीक्षा बैठक में विभागान्तर्गत ईकाईवार कार्यालय के स्थापना का पदवार सभी स्वीकृत पद, कार्यरत बल (पुरूष एवं महिला) तथा रिक्त पद के संदर्भ में आगामी बैठक दिनांक–15.07.2025 से पूर्व सूचना संबंधित पोर्टल पर अद्यतन कराने का निदेश प्राप्त हुआ है।

अतः वांछित सूचना उपलब्ध कराने निमित्त विहित प्रपत्र संलग्न करते हुए अनुरोध है कि अपने एवं अपने अधीनस्थ सभी कार्यालयों का अलग–अलग पदवार स्वीकृत पद कार्यरत बल (पुरूष एवं महिला) तथा रिक्त पद की सूचना पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के अन्दर अचूक रूप से अधोहस्ताक्षरी के ई–मेल–deputysecretary2wrd@gmail.com पर सॉफ्ट कॉपी एवं हार्ड कॉपी में उपलब्ध कराया जाय ताकि ससमय विभागीय स्तर से वांछित प्रतिवेदन सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संबंधित पोर्टल पर अद्यतन किया जा सके।

कृपया, इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

**अनु०:–यथोक्त।**

विश्वासभाजन

ह0/–
(चन्दन कुमार मिश्र)
उप सचिव–02 (प्रबंधन)–सह–
नोडल पदाधिकारी (सात निश्चय)।

ज्ञापांक– 3136 /पटना, दिनांक– 09.7.25

प्रतिलिपि :–कार्यपालक अभियंता, आई० टी०, सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड/ई–मेल करवाने हेतु प्रेषित।

Manisha 09/7/25
उप सचिव–02 (प्रबंधन)–सह–
नोडल पदाधिकारी (सात निश्चय)।

E:\2025 Year\Nodel file\7 nishcay\Letter.docx8

| क्र0 सं0 | माह/वर्ष | विभाग का नाम | संलग्न क्षेत्रीय कार्यालय/निदेशालय का नाम | पदनाम | स्वीकृत बल | कार्यरत बल | | | | रिक्त पदों की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | नियमित | | नियमित स्वीकृत बल के विरूद्ध संविदागत नियुक्ति | | | सीधी भर्ती/प्रोन्नति के माध्यम से रिक्त पदों को भरने संबंधी विवरणी |
| | | | | | | पुरूषों की संख्या | महिलाओं की संख्या | पुरूषों की संख्या | महिलाओं की संख्या | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | |